**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 29 April, 2022**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

## Press Release

## Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – March, 2022

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of March, 2022 is being released in this press release.

The All-India CPI-IW for March, 2022 increased by 1.0 point and stood at 126.0 (one hundred twenty six). On 1-month percentage change, it increased by 0.80 per cent with respect to previous month compared to an increase of 0.50 per cent recorded between corresponding months a year ago.


The maximum upward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 0.59 percentage points to the total change. At item level, Buffalo-Milk, Cow-Milk, Poultry/chicken, Sunflower oil, Soyabean oil, Palm oil, Apple, Ragi, Peas, Radish, Chili green, Lemon, Potato, Mango, Foreign liquor, Coriander, Cumin/Jeera, Tea Leaf, Saree Cotton, Cooking Gas, Petrol, Telephone/ Mobile Charges etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was largely checked by Onion, Tomato, Kundru, Brinjal, Cabbage, Carrot, Cauliflower, Gourd, Egg-Hen, Water melon, Grapes, Beat root, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Sangrur recorded a maximum increase of 6.3 points followed by Labac-Silchar and Angul-Talchar with 5.8 and 5.4 points respectively. Among others, 2 centres recorded increase between 4 to 4.9 points, 4 centres between 3 to 3.9 points, 8 centres between 2 to 2.9 points, 20 centres between 1 to 1.9 points and 39 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Salem recorded a maximum decrease of 1.1 points. Among others, 11 centres recorded decrease between 0.1 to 0.9 points.

Year-on-year inflation for the month stood at 5.35 per cent compared to 5.04 per cent for the previous month and 5.64 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 6.27 per cent against 5.09 per cent of the previous month and 5.36 per cent during the corresponding month a year ago.

https://www.govtstaff.com


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for February, 2022 and March, 2022

| Sr. No. | Groups | February, 2022 | March, 2022 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 123.9 | 125.4 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 142.1 | 144.1 |
| III | **Clothing & Footwear** | 123.2 | 123.9 |
| IV | **Housing** | 118.9 | 118.9 |
| V | **Fuel & Light** | 158.6 | 160.6 |
| VI | **Miscellaneous** | 123.1 | 123.9 |
| | **General Index** | **125.0** | **126.0** |

## CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of April, 2022 will be released on Tuesday, 31st May, 2022. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

29/4/2022

**(Shyam Singh Negi)**
Deputy Director General

https://www.govtstaff.com

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरमॉन्ट' शिमला- 171004
दिनांक: 29 अप्रैल, 2022

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

**प्रेस विज्ञप्ति**

**औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100) - मार्च, 2022**

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। मार्च, 2022 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है ।

मार्च, 2022 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 1.0 अंक बढ़कर 126.0 (एक सौ छब्बीस) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.80 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.59 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में भैंस का दूध, गाय का दूध, पोल्ट्री/चिकन, सोयाबीन तेल, सूरजमुखी का तेल, पाम ऑइल, सेब, रागी, हरा मटर, मूली, हरी मिर्च, आलू, आम, सूखा धनिया, जीरा, चाय पत्ती , सारी सूती, कुकिंग गैस, पेट्रोल, टेलीफोन/ मोबाईल प्रभार, विदेशी शराब इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः प्याज, टमाटर, कुंदरु, बेगन, पत्तागोबी, फूलगोबी, गाजर, लौकी, तरबूज, अंगूर, चुनकंदर, मुर्गी के अंडे आदि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केंद्र-स्तर पर संगरूर के सूचकांक में अधिकतम 6.3 अंक की वृद्धि रही जिसके पश्चात लबाक-सिलचर एवं अंगुल-तलचर में क्रमश: 5.8 एवं 5.4 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। अन्य 2 केंद्रों में 4 से 4.9 अंक, 4 केंद्रों में 3 से 3.9 अंक, 8 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 20 केंद्रों में 1 से 1.9 तथा 39 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत सेलम में अधिकतम 1.1 अंक की कमी रही। अन्य 11केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच कमी रही|

मार्च, 2022 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.04 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.64 प्रतिशत की तुलना में 5.35 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 5.09 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 5.36 प्रतिशत की तुलना में 6.27 प्रतिशत रहा ।



https://www.govtstaff.com


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक: फरवरी, 2022 एवं मार्च, 2022

| क्र. सं. | समूह | फरवरी, 2022 | मार्च, 2022 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 123.9 | 125.4 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 142.1 | 144.1 |
| III | कपड़े एवं जूते | 123.2 | 123.9 |
| IV | आवास | 118.9 | 118.9 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 158.6 | 160.6 |
| VI | विविध | 123.1 | 123.9 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **125.0** | **126.0** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी अप्रैल, 2022 माह के लिए दिन मंगलवार 31 मई, 2022 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट *www.labourbureaunew.gov.in* पर भी उपलब्ध रहेगा।

29/4/2022

(श्याम सिंह नेगी)

उप महानिदेशक



https://www.govtstaff.com